भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 641**

8 फरवरी, 2023 को उत्तरार्थ

## डेयरी सहकारी समितियां

**641 श्री के. आर. एन. राजेश कुमारः**

क्या ***सहकारिता*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि राज्य के स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी समितियों ने भी दूध प्रसंस्करण के लिए अवसंरचना के विकास हेतु अनुदान प्राप्त करने के लिए एकीकृत शीत श्रृंखला योजना के लिए आवेदन किया है;

(ख) यदि हां, तो कितनी सहकारी समितियों ने इस योजना के लिए आवेदन किया है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत कितनी सहकारी समितियों को अनुदान प्राप्त हुआ है; और

(घ) क्या इस योजना के अंतर्गत किसी भी सहकारी समिति को अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (घ): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, दिनांक 21 जून, 2022 को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा अपनी "एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य वर्धन अवसंरचना" योजना के अधीन जारी रुचि की अभिव्यक्ति के जवाब में दुग्ध प्रसंस्करण सुविधाओं की स्थापना हेतु सहकारी समितियों से परियोजना प्रस्ताव के साथ तीन आवेदन प्राप्त हुए थे । इस योजना के दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट पात्रता शर्तें पूरी न करने के कारण दो आवेदन अयोग्य थे । एक आवेदन को पात्र पाया गया परंतु मेधा सूची में नीचे होने के कारण उसे अनुमोदित नहीं किया जा सका ।

*****